# प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत निर्मित आवासों के लिए राज्य स्तर पर खुशियों का आशियाना प्रतियोगिता का आयोजन

आवास योजना (शहरी) के तहत बासुकीनाथ नगर पंचायत कर रही है प्रतियोगिता का आयोजन

## खुशियों के आशियाना पर फिल्म बना जीतें पुरस्कार

**संवाद सहयोगी, बासुकीनाथ (दुमका):** बासुकीनाथ नगर पंचायत द्वारा खुशियों का आशियाना प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत निर्मित आवासों को राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाना है। बासुकीनाथ नगर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल पदाधिकारी संक्टेश रमन ने बताया कि नगर विकास एवं आवास विभाग रांची द्वारा निर्देशित किया गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों के लाभुकों का आवास निर्माण के बाद उनके सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य

**15** सितंबर तक प्रतियोगिता का किया जाएगा आयोजन

**25** हजार प्रथम पुरस्कार के रूप में मिलेंगे फिल्म निर्माता को

**लघु फिल्म**

- सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक परिस्थितियों पर बनेगी फिल्म
- द्वितीय पुरस्कार 20 हजार व साढ़े 12 हजार मिलेंगे तीसरे स्थान पर



नगर पंचायत भवन, बासुकीनाथ • जागरण

सुरक्षा के साथ साथ लाभुक के जीवन शैली एवं आत्मविश्वास में बदलाव को लेकर संबंधित अतिलघु फिल्म बनाई जानी है। यह प्रतियोगिता पिछले एक जुलाई से प्रारंभ हुई है, जो 15 सितंबर तक चलेगी। इस कार्य के लिए सर्वश्रेष्ठ फिल्म निर्माता को प्रथम पुरस्कार के रूप में 25 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 20 हजार रुपये एवं तृतीय पुरस्कार रुपये दिए जाएंगे।

संकटेश रमन ने मिनट की लघु फि प्रथम, द्वितीय एवं तृ

रहनेवालों को पुरस्कार दिया जाएगा। बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत बासुकीनाथ नगर पंचायत द्वारा आम नागरिकों लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसमें प्रधानमंत्री

## पीएम आवास पर फिल्म बनाओ स्पर्धा जीत सकते है 25 हजार : सिटी मैनेजर

### इस प्रतियोगिता की थीम है-खुशियों का आशियाना

भास्कर न्यूज | गुमला

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनें घरों में रहनेवालों के जीवन स्तर में आए बदलाव को दिखाने के लिए नगर विकास व आवास विभाग ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की है। इसकी थीम है-खुशियों का आशियाना। तीन मिनट की एक लघु फिल्म बनाकर इस प्रतियोगिता में कोई भी शामिल हो सकता है। लाभुकों को सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक और स्वास्थ्य सुरक्षा में कितना बदलाव आया है, उनकी खुशी दिखानी है। पहले तीन स्थान पानेवालों को क्रमशः 25 हजार, 20 हजार और 12.5 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

सिटी मैनेजर हिमांशु कुमार मिश्रा ने बताया कि लघु फिल्म बनाकर प्रतिभागी 31 अगस्त तक वेबसाइट www.pmayurban.gov.in पर अपलोड करनी है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में नप के कर्मी भाग नहीं ले सकते है। वहीं कोई संस्था, विद्यार्थी, सामाजिक कार्यकर्ता आदि भी किसी लाभुक पर लघु फिल्म बनाकर प्रतियोगिता का हिस्सा बन सकते है। यह सरकार की सराहनीय पहल है। अपील है कि ज्यादा से ज्यादा लाभुक इसमें भागीदारी निभाकर विजेता बनने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग आगे आएं और प्रतियोगिता में हिस्सा लें।